पेज थ्री देहरादून



कार्यक्रम को संबोधित करते सतपाल महाराज।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरांचल प्रेस क्लब में शोकसभा आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल प्रेस क्लब कार्यकारिणी अपने सभी सदस्यों की ओर से क्लब के संस्थापक सदस्य व पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकमणि जखवाल और क्लब की वरिष्ठ सदस्य ज्योत्सना के पिताजी मोहनलाल बौंठियाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दोनों दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिवारजनों को इस क्षति से उबरने के सामर्थ्य प्रदान करें। जखवाल और बौंठियाल का हाल ही निधन हुआ है। क्लब कार्यालय में आज दोपहर हुई शोक सभा में दोनों दिवंगत की आत्माओं की शांति के लिए मौन रखा गया।

### आज से फिर बदलेगा करवट मौसम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में एक बार फिर ठंड का मौसम करवट लेने जा रहा है और पहाड़ों में हालात ज्यादा मुश्किल होने वाले हैं। मौसम विभाग की मानें तो 5 फरवरी तक मौसम प्रतिकूल रह सकता है। इसलिए यहां चुनाव प्रचार भी ठंडा रहने के आसार हैं। अगले दो दिन बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई जा रही है, तो कहीं कहीं ओलावृष्टि की भी। 5 फरवरी तक ऐसा ही मौसम रहने और मैदानों में बारिश भी होने से राज्य भर में पारा गिरने के आसार भी बढ़ गए हैं। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक राज्य में 2 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है।

### डॉ योगेंद्र सिंह ने हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की सलाह दी

**संवाददाता** देहरादून। भारत की आबादी में हृदय रोगों की घटनाओं में वृद्धि होती जा रही है, डॉ योगेंद्र सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर – इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देहरादून, ने भारत में हृदय रोगियों से हृदय देखभाल के लिए उपलब्ध नवीनतम उपचारों और प्रक्रियाओं के बारे में बेहतर जागरूक होने का आग्रह किया है।

### बीएलएस इंटरनेशनल अंतरिम लाभांश के बारे में आज विचार करेंगी

**संवाददाता** देहरादून। बीएसई,एनएसई और एमएससी में सूचीबद्ध बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेस लिमिटेड, एक विश्व स्तरीय भरोसेमंद, सरकार और जनता का तकनीकी रूप से सक्षम सर्विस पार्टनर है, जिसने 2005 से वीजा, पासपोर्ट, कांस्लर, सिटीजन, ई–गवर्नेंस, अटेस्टेशन, बायोमेट्रिक, ई – वीजा और रिटेल सर्विसेस के क्षेत्र में बिना किसी त्रुटि के बेंचमार्क स्थापित किया है। एनएसई पर उपलब्ध बड़े डील डाटा के आधार पर सैंट कैपिटल फंड ने 27 जनवरी 2022 को 217. 93 रुपये पर 5,25,000 शेयर लिए।

# मोदी के सपनों के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत का बजट

**प्रतिक्रिया**

■ आम बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया, युवा और अभिभावक खुश, व्यापारी निराश

**संवाददाता**

देहरादून। संसद के बजट सत्र के दौरान आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2022–23 पेश किया। इस बजट पर नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बजट मोदी के सपनों के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत का बजट है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने आज पेश हुए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए, इसे मोदी के सपनों के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत का बजट बताया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद वैश्विक आर्थिक जगत में उत्पन्न हुए अवसरों का दोहन करते हुए यह बजट देश को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि देश के 130 करोड़ लोगों को नई ऊर्जा देने वाल यह बजट सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्व–समावेशी है। यह बजट सुशासन, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन और रोजगार सृजन का नया अध्याय लिखने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस बजट में ढांचागत अवस्थापना विकास, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन, आवास, सामाजिक कल्याण, कृषक कल्याण, उच्च शिक्षा, नवाचार एवं अनुसंधान पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया जो उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए लाभकर होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा पीएम गति शक्ति योजना जैसी ऐतिहासिक पहल विकास एवं प्रगति को नई रफ्तार देगी। आनलाइन शिक्षा को विशेष रूप से केंद्रित करते हुए ई–लर्निंग को भी विशेष रूप से बढ़ावा मिलेगा। यह बजट समावेशी एवं भविष्यवादी है, जिसमें युवा, महिलाएं, किसान और जवान सभी के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का संकल्प इस बजट के हर पहलू में स्पष्ट नजर आता है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह बजट देश की आर्थिकी को नया विस्तार देगा और नए भारत के निर्माण की आधारशिला बनेगा।

कुछ लोग इस बजट को आम लोगों से जोड़कर देख रहे हैं, तो कुछ इसे चुनावी जुमला बता रहे हैं। शिक्षकों को इस बजट से उम्मीद थी कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कुछ फैसले लिए जाएंगे, लेकिन बजट सुनने के बाद उन्हें निराशा हाथ लगी है। वहीं व्यापारी वर्ग में भी बजट को लेकर असंतोष है। उनका कहना है कि बजट में व्यापारियों के लिए कुछ नहीं था। कुछ का कहना है कि सरकार शुरू से ही मेक इन इंडिया का नारा लगा रही है, लेकिन इस बजट में ऐसा कुछ दिखाई नहीं दिया। तो कुछ ने कहा मध्यम वर्ग के युवाओं के लिए ये बजट कोई खास राहत पहुंचाने वाला नहीं है। ये बजट शिक्षा के लिए बेहतर साबित होगा। क्योंकि अब निजी से लेकर सरकारी स्कूलों को डिजिटल किया जा रहा है। आने वाला भविष्य लैपटॉप और मोबाइल का है।

**यात्रा को आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाएगाः निशंक**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि मैं वित्तीय बजट का हार्दिक स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आर्थिक समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष का बजट सबका साथ–सबका विकास की यात्रा को आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाएगा। यह केवल एक बजट नहीं है। यह भविष्य के भारत के अमृत काल का विजन पत्र भी है। यह बजट मल्टी–मोडल कनेक्टिविटी, ढांचागत विकास और निवेश के लिए आदर्श अवसर लेकर आएगा।

### केंद्रीय बजट ने देश की जनता को निराश कियाः सुरेंद्र अग्रवाल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व सलाहकार सुरेंद्र कुमार ने केंद्रीय पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट ने देश की जनता को निराश किया। उत्तराखंड को पिछले वर्षों की तरह फिर निराश किया ,हालाँकि की केंद्र सरकार चुनाव अचार संहिता का बहाना ले सकती है परंतु आम आदमी को भी इस बजट ने निराश ही किया है ,खेती –किसानी की उपेक्षा के साथ किसान को मिलने वाली कई सब्सिडी ,उनकी आमदनी, महंगाई, युवाओं के रोज़गार, छोटे उद्योग धन्दे ,छोटे व्यापारी के हित के विरोधी है यह बजट। आयकर की सीमा भी नही बढ़ाई ।पूँजीपतियों को छोड़ सभी वर्गों को बजट ने निराश किया है। सरकार ने पिछले बजट का खर्च ही लगभाग आधा किया हो ,तो खर्च करने भी सरकार सुस्त रही है ,मुद्रास्फूर्ति ,महंगाई पर भी सरकार कुछ नही कर पाई राजस्व में बढ़ोतरी में जीएसटी सहित विभिन मदों में आमदनी के बावजूद मनरेगा सहित कई समाजिक योजनाओं में बजट में कंजूसी की गई है।

# कांग्रेस ने 65 साल तक लोकतंत्र का अहसास नहीं होने दिया

**कटाक्ष**

■ मनोहर लाल खट्टर का कांग्रेस पर बड़ा हमला

**संवाददाता**

देहरादून। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि आजादी के करीब 65 वर्ष तक देश के नौजवानों को जो दिशा मिलनी चाहिए थी, चहुमुंखी विकास होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। कांग्रेस सत्ता की लालसा में राज कर बैठी। यही कारण रहा कि हमें लोकतंत्र तक का एहसास नहीं हो सका।

मंगलवार को हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डा. जोगेन्द्र रौतेला के समर्थन में बरेली रोड स्थित बैंक्वेट हाल में सभा करते हुए सीएम खट्टर ने कहा कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकतंत्र होने के बावजूद हम 1975 तक कुछ और हकीकत रही। केवल एक वंश का राज चलता रहा। इसके बाद लोकतंत्र का स्वरूप बनने लगा। फिर भी अधिकांश दल अवसरवादी होकर देश को अस्थिरता के दौर में धकेलते रहे। उन्होंने कहा कि जब अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार आई तब लोगों को सही जानकारी हासिल होने लगी। सड़कों के माध्यम देश को एक करने का काम हुआ। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना बनी। आज पूरे देश में सड़कें बनी। पहाड़ी राज्य में क्या दिक्कतें होती हैं? इसे भाजपा ने समझा और पूर्व पीएम बाजपेयी के समय उत्तराखंड का निर्माण हुआ। उन्होंने स्पेशल पैकेज भी दिया।

**रिमोट कंट्रोल के पीएम थे मनमोहनः** खट्टर ने कहा कि देश के लिए 2004 से 2014 तक का समय दुर्भाग्यपूर्ण रहा। तब पीएम मनमोहन सिंह थे। उन्हें अर्थशास्त्री कहा जाता था। उन्हें आंकड़ों का ज्ञान हो लेकिन वह रिमोट कंट्रोल से चलने वाले प्रधानमंत्री थे। जिनको जनता ने झेला।

**2014 में मोदी का आना हमारे लिए सौभाग्यः** सीएम खट्टर ने कहा कि 2014 में दूर की दृष्टि रखने वाला प्रधानमंत्री बना। नरेन्द्र मोदी ने राजनीतिक क्षेत्र में आने से पहले समाज के क्षेत्र में बहुत काम किया। वह इस प्रदेश से प्रेम रखते हैं। 2000 में सात दिन तक मोदी और मैं चारों धामों की यात्रा करके गए।

**आम बजट में उत्तराखंड को होगा लाभ**

सीएम ने कहा कि आम बजट में उत्तराखंड के विकास का खाका है। राज्य में भी रोपवे बनेंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम होगा। किसान, मजदूर सभी को छत मिलेगी। कोई परिवार ऐसा नहीं होगा, जिसके घर पर छत न हो। वंदे मातरम ट्रेन यहां भी चलेगी। उन्होंने कहा कि आपको फिर से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनानी है। तभी इन योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से मिल सकेगा।

### मातबर सिंह कण्डारी, संध्या डालाकोटी सहित कई नेता कांग्रेस से छह साल के लिए निष्कासित

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी अनुशासन के खिलाफ कार्य करने वाले लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि रामनगर से पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी, कालाढूंगी से संध्या डालाकोटी, रुद्रप्रयाग से पूर्व विधायक मातवर सिंह कण्डारी एवं यमुनोत्री से प्रदेश कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय डोभाल को पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं अनुशासनहीनता के चलते तत्काल प्रभाव से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक अनुशासित संगठन है। इसमें यदि अनुशासनहीनता होती है तो उसे कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।